# अभ्यास

1. 'जो तुम आ जाते एक बार' शीर्षक कविता की रचनाकार कौन हैं?

   (क) सुभद्राकुमारी चौहान (ख) महादेवी वर्मा

   (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) अनामिका

2. करूणा और संदेश क्या बनकर पथ में बिछ जाते?

   (क) गुलाब (ख) कमल

   (ग) कलियाँ (घ) पराग

3. कवयित्री के जीवन में प्रियतम के आगमन से क्या छा जाता ?

   (क) हर्ष (ख) विषाद

   (ग) वसन्त (घ) दुर्दिन

4. क्या कवयित्री के हृदय की करूणा उसके व्यक्तिगत दुख से उत्पन्न है?

5. 'उन्माद राग' से क्या तात्पर्य है?

6. कवयित्री ने पद पखारने के लिए किस साधन का उपयोग करने की बात कही?

7. कवयित्री के होठों से विषाद कब धुल जाता है?

8. कवयित्री के जीवन में विराग क्यों है?

9. आँखें अपना सर्वस्व किसे न्योछावर करना चाहती हैं?

10. 'जो तुम आ जाते एक बार!' शीर्षक रचना की रचनाकार कौन हैं? कविता का मूल कथ्य क्या है?

11. कवयित्री के प्राणों का तार क्या गा उठता और कब?

12. कवयित्री प्रियतम के चरणों को आँसू से क्यों धोना चाहती है?

13. कवयित्री के जीवन में वसन्त कब छा जाता?

14. प्रियतम से मिलन के क्षण में वह क्या न्यौछावर करना चाहती है?

15. कविता के भाव–सौन्दर्य का वर्णन करें।

16. निम्नलिखित के विपरीतार्थक शब्द लिखें:–

आर्द्र, विषाद, वसन्त, विराग

17. निम्नलिखित के समानार्थी शब्द लिखें।

करूणा, अनुराग, नयन, संचित